हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 जून 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 संभवतः बारिश के बाद शुरू हो सकता है सीवेज ...



07 जनसमस्या निवारण शिविरों का जारी...



**खबर संक्षेप**

### मानवाधिकार आयोग के सदस्य नर्मदापुरम दौरे पर

**नर्मदापुरम**। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो 3 एवं 04 जून 2026 को नर्मदापुरम का दौरा करेंगे। दौरे का उद्देश्य मानवाधिकार और समावेशी विकास से जुड़े क्षेत्रों की जमीनी समीक्षा करना है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री कानूनगो की अध्यक्षता में 04 जून को प्रातः 10:30 बजे से जिला कार्यालय नर्मदापुरम के रेवा सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

### हितग्राहियों को निर्माण शुरू करने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम**। नगर परिषद सोहागपुर के सभा कक्ष में मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत प्रथम किश्त प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएमओ शर्मा ने हितग्राहियों से सीधी चर्चा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द मकान निर्माण कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने हितग्राहियों को सख्त हिदायत दी कि शासन से प्राप्त राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण में ही किया जाए, अन्य कार्यों में नहीं।इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी हितग्राहियों को योजना से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी।

### कलेक्ट्रेट से लेकर स्कूलों तक बिक चुकी है व्हीआईपी सड़क

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रख दिए टप, हो रही अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की जिन सड़कों पर हम जाम से जूझते हैं, उन्हें नगर पालिका के सरकारी तंत्र ने बाकायदा किराए पर चढ़ा रखा है। नर्मदापुरम नगर पालिका में इस वक्त अतिक्रमण और 'वसूली' का खेल चल रहा है। सड़कों को साफ रखने का दावा करने वाले हुक्मरानों की नाक के नीचे कलेक्ट्रेट से लेकर शिक्षण संस्थानों तक भ्रष्टाचार की समानांतर सरकार चल रही है। दूसरी ओर सड़कों पर जहां तहां रखे टपों से राहगीरों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों को निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर की मुख्य सड़क और व्हीआईपी सड़क पर आए दिन चौराहों पर जाम लगते रहते हैं जिससे लोगों को परेशानी होती है। नागरिकों ने समस्या समाधान की मांग की है।

सड़क के किनारे टपों के कारण इन दिनों शहर की व्यस्तम सडकों पर जाम से लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों ने समस्या समाधान की मांग की है।



#### रोड किनारे सज गई दुकानें, रास्ते जाम

कलेक्टर कार्यालय के सामने जहां से पूरे जिले की कानून व्यवस्था चलती है, ठीक उसी के सामने नपा के संरक्षण में अवैध टपों का साम्राज्य है। गर्ल्स स्कूल, एसएनजी स्कूल और नर्मदा महाविद्यालय देश का भविष्य गढ़ने वाले इन शिक्षण संस्थानों के सामने छात्राओं की सुरक्षा को ताक पर रखकर अवैध दुकानें सजवाई गई हैं। इंदिरा चौक, पुराना बस स्टैंड, पहले टायर के सामने और मीनाक्षी चौक (मंदिर के पास) इन व्यस्ततम इलाकों में पैर रखने की जगह नहीं है।

#### होती है अवैध पैसों की वसूली

सूत्रों की माने तो नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा रखवाये गये टपों से किराये वसूली को लेकर कई बार शिकायतें हो चुकी है। वहीं लोगों का कहना है कि इसमें बकायदा हिस्सेदार अपना हिस्सा लेते हैं और शासन को चूना लगाते हैं। दूसरी ओर गरीबों से अवैध पैसों की वसूली भी करते हैं। लोगों ने नपा कर्मियों की इस अवैध वसूली को रोकने की मांग प्रशासन से की है।

#### अतिक्रमण कर रखे टपों पर कार्रवाई की जा रही है

अतिक्रमण कर रखे टपों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है । जल्द इन्हें जप्त किया जाएगा और जहां भी ऐसे अतिक्रमण हो रहा है उन्हें तुरंत हटाने की कार्यवाही होगी।

**हेमेश्वरी पटले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नर्मदापुरम**

#### गरीबों के ठेले ही होते हैं जब्त

मीनाक्षी चौक पर मंदिर के आसपास ही नपा ने टप स्थाई रूप से खड़े कर दिए हैं। वहीं इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। गरीबों के लिए दो वक्त की रोटी के लिए हाथ ठेला चलाने वाले किसी गरीब की नपा के इन 'वसूली भाईयों' के आगे एक नहीं चलती। उनका ठेला बेरहमी से पलट दिया जाता है या जब्त कर लिया जाता है। बंदरबांट का गणित आर.आई. से लेकर ड्राइवर तक 'सबका साथ, सबका विकास जब किसी गरीब का ठेला जब्त कर चालान वसूला जाता है।

## 70 लीटर से अधिक अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मुख्य आरोपी फरार, केस दर्ज कर जांच शुरू**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम की देहात पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए 392 क्वार्टर (70.56 बल्क लीटर) अवैध देशी शराब जब्त की है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि शराब तस्करी के मुख्य सरगना जो पुलिस की गुंडा सूची में दर्ज हैं, अभी फरार हैं।

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 1 जून की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुलामढ़ी रोड से सैलेस्टियल पार्क जाने वाली निर्माणाधीन सड़क के पास दो युवक अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़े हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन और एसडीओपी जितेंद्र कुमार पाठक के निर्देशन में थाना देहात की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची, तो सरकारी वाहन की हेडलाइट देखकर बैग लिए खड़े दो युवकों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा।

#### बैग में मिले 392 क्वार्टर

पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय जाटव 26 वर्ष, निवासी आयुष नगर, नर्मदापुरम और अनिकेत यादव 25 वर्ष, निवासी ग्राम मुराहर, विदिशा; हाल निवासी मंडीदीप के रूप में हुई। उनके पास मौजूद 5 काले-नीले बैगों की जब तलाशी ली गई, तो उनमें देशी सफेद प्लेन शराब के 392 क्वार्टर भरे हुए पाए गए। जब्त की गई शराब की कीमत लगभग 27,440 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से एक वीवो कंपनी का मोबाइल भी जब्त किया है।

#### गुंडा लिस्ट में दर्ज हैं मास्टरमाइंड के नाम

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे यह शराब स्थानीय तस्कर आशीष उर्फ लक्खा गोस्वामी और योगेश उर्फ बिट्टू गोस्वामी के कहने पर लाए थे। पुलिस के अनुसार, इन दोनों फरार आरोपियों के नाम थाने की 'गुंडा सूची' में दर्ज हैं और इन पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, गिरफ्तार आरोपी अजय जाटव के खिलाफ भी कोतवाली थाने में आबकारी एक्ट का पुराना मामला दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उन्हें जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा और फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

अवैध शराब के इस जखीरे को पकड़ने में देहात थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ पाण्डेय, उप-निरीक्षक अरविंद बेले, सहायक उप-निरीक्षक लक्ष्मण अमोल्या, प्रधान आरक्षक नवीन दुबे, आरक्षक कपिल विश्वकर्मा, जितेंद्र सिंह राजपूत, सुनील साहू, संजू उइके और जितेंद्र नरवरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिले में हुई 2.3 मिमी वर्षा दर्ज, मानसून आना शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में गत दिनों हुई बारिश ने नौतपे में राहत दी। गत सोमवार को दिन में हुई बारिश में मौसम में ठंडक घोल दी वहीं रात में भी लोगों को ठंडक का अहसास बना रहा। वहीं मंगलवारको दिन खुला और साफ रहा। हालाकि गर्मी कम रही। जिले में अभी मानसून की आमद होनी है ऐंसे में पिछले दिनों हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी।

जिले में 1 जून 2026 से आज दिनांक 02 जून को प्रातः8 बजे तक जिले में 2.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 0.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया है कि 01 जून से 02 जून 2026 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 2.4 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 6.0 मिलीमीटर, इटारसी 2.0 मिलीमीटर, माखननगर में 2.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 0.0 एवं तहसील डोलरिया 8.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

### 10 ग्रामों के प्रकरणों का किया गया निराकरण

**नर्मदापुरम**। स्वामित्व योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत ग्रामीण आबादी की भूमि पर निवासरत हितग्राहियों को भू-अधिकार पट्टे वितरित किये जावेंगे। इस योजना के तहत कलेक्टर नर्मदापुरम श्री सोमेश मिश्रा के द्वारा जिला नर्मदापुरम के 10 ग्रामों के प्रकरणों में सोमवार 1 जून को अंतिम प्रकाशन किया गया, जिनके अधिकार अभिलेख तैयार कर वितरण हेतु पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत विगत माह तक 790 ग्रामों के अधिकार अभिलेख तैयार कराये गये हैं।

## एसपी साई कृष्णा ने सुनीं 37 नागरिकों की शिकायतें, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान और पुलिस-जनता के बीच संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस साप्ताहिक जनसुनवाई में कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए। शिकायतकर्ताओं ने मुख्य रूप से चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी, आपसी मारपीट और महिला संबंधी प्रकरणों को लेकर पुलिस अधीक्षक के सामने अपनी परेशानियां रखीं। एसपी साई कृष्णा ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बातों को पूरी गंभीरता के साथ सुना।



#### अधिकारियों को ऑन-द-स्पॉट निर्देश

मामलों में लेटलतीफी को दूर करने और त्वरित न्याय दिलाने के लिए, पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारियो और थाना प्रभारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता नागरिकों को समय पर न्याय दिलाना है।

## नपा का अतिक्रमण दस्ता और स्वच्छता दल सक्रिय, पकड़े गए विचरण करते 17 गोवंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर के निर्देश पर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के मार्गदर्शन में नगर के चौक चौराहों और सड़क को अवरूद्ध करने वाले सब्जी फल विक्रेताओं पर कार्रवाई की जा रही है। उन्हें समझाइश देने के साथ ही निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। सोमवार और मंगलवार को नपा के अतिक्रमण दल द्वारा कार्रवाई करते हुए 5 ठेले जब्त किए गए और एक व्यक्ति पर एक हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया।

आरएसआई ब्रजेश सारवान ने बताया कि मंगलवार को जिला अस्पताल से लेकर एसपी आफिस तिराहे तक अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान सब्जी एवं फल विक्रेताओं को उनके निर्धारित स्थल पर पहुंचाया गया। आज अतिक्रमण दल में आरएसआई ब्रजेश सारवान, रवि सूर्यवंशी, दिलाबर बेग, सुनील अवस्थी, शैलेंद्र साहू, उपदेश गौर, राजेश दीवान, राजू पालीवाल आदि शामिल थे।

#### स्वच्छता टीम भी साथ में

अतिक्रमण दल के साथ ही स्वच्छता टीम भी सक्रिय हो गई है। नेहरू पार्क के पास स्थित चौपाटी पर गंदगी करने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। स्वच्छता दल के सतीष यादव ने बताया कि लगातार कार्रवाई के साथ ही समझाइश भी दी जा रही है। आज गंदगी करने वाले ठेले वालों पर 1500 रु. का जुर्माना किया गया।

## नवनिर्मित सड़क का नपाध्यक्ष नीतू यादव ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वार्ड क्रमांक 17 में बन रही निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा किया गया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि सीसी रोड की तराई का विशेष ध्यान रखें इससे सड़क बेहतर और मजबूत बनती है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में कार्य करें। सीसी रोड बन जाने से स्थानीय नागरिकों में बेहद खुशी का माहौल है। उन्होंने नपाध्यक्ष श्रीमती यादव का आभार माना।

## स्वास्थ्य सभापति ने सुनी सफाई संबंधी समस्याएं, 24 घंटे में निराकरण का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगरपालिका कार्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के सभापति राकेश जाधव की अध्यक्षता में एक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों ने साफ-सफाई और स्वच्छता से जुड़ी अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से नालियों में बिल्डिंग मटेरियल (निर्माण सामग्री) डाले जाने, बड़े नालों की जेसीबी से सफाई कराने तथा अन्य वार्ड स्तरीय सफाई संबंधी मुद्दे छाए रहे। कुल 21 लिखित शिकायतें प्राप्त हुईं, वहीं सोशल मीडिया से मिली कुछ



शिकायतों पर स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल एक्शन लेते हुए मौके पर ही निराकरण किया।

सभापति राकेश जाधव ने सभी वार्ड जमादारों को तुरंत समस्याओं को दूर करने और उसकी रिपोर्ट कार्यालय में सौंपने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि नागरिकों की हर सफाई संबंधी शिकायत का निराकरण 24 घंटे के भीतर हो।

भीषण गर्मी को देखते हुए जनसुनवाई में पहुंचे सभी शिकायतकर्ताओं के लिए नगरपालिका द्वारा ठंडे पानी की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस जनसुनवाई के दौरान मंडल अध्यक्ष व एल्डरमैन मयंक मेहतो, सभापति मनजीत कलोशिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शहर में पेयजल संकट को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गर्मी के मौसम में गहराए भीषण जल संकट से परेशान वार्ड क्रमांक 3 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की महिलाओं ने मंगलवार को कांग्रेस पदाधिकारियों के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर घेराव किया। महिलाओं और कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम नीलेश शर्मा और सीएमओ रितु मेहरा को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द पेयजल समस्या के निराकरण की मांग की। ज्ञापन मिलते ही एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका की जल शाखा टीम तुरंत एक्शन में आई। जल शाखा प्रभारी आदित्य पांडे ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की पानी टंकी का निरीक्षण किया। प्रभावित वार्डों में जलापूर्ति सुचारू करने के लिए तत्काल वैकल्पिक इंतजाम किए गए हैं।

**पं. रामलाल शर्मा में समर कैंप का अयोजन**

## निःशुल्क समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास को दे रहे नई दिशा : अरूण शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पं. रामलाल शर्मा इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल नर्मदापुरम में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू हुआ यह कैंप अभिभावकों और बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है।

कैंप में स्विमिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और योग जैसी गतिविधियां पूरी तरह निःशुल्क कराई जा रही हैं। सुबह से ही बच्चे उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं। योग सत्र से बच्चों को अनुशासन और मानसिक शांति का अभ्यास हो रहा है, जबकि खेल गतिविधियों से



उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

इस सफल आयोजन के पीछे स्कूल के संचालक अरुण शर्मा का दूरदर्शी नेतृत्व है। उनके मार्गदर्शन में प्राचार्य श्री अरुण अग्रवाल, स्पोर्ट्स टीचर श्री प्रवीण मीना और स्विमिंग कोच पवन मांझी, सतीश मेहरा मिलकर कैंप को सफल बना रहे हैं।कैंप के प्रभारी स्पोर्ट्स टीचर श्री प्रवीण मीना जी ने कहा, ₹बच्चों में खेल के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हमारा उद्देश्य सिर्फ खेल सिखाना नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम वर्क की भावना भी विकसित करना है।₹अभिभावकों ने स्कूल की इस निःशुल्क पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

### भूमि हस्तांतरण के आदेश जारी

**नर्मदापुरम**। डोलरिया क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति एवं वोल्टेज संबंधी समस्या का निराकरण के लिये महत्वपूर्ण पहल करते हुए ग्राम टेमलाकलां में 132 के.वी. सब स्टेशन हेतु 2.250 हैक्टेयर (5.55 एकड़) भूमि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड भोपाल के लिये म०प्र० शासन उर्जा विभाग के पक्ष में हस्तांतरण करनें के आदेश दिये गये हैं। इस हस्तांतरण आदेश से डोलरिया क्षेत्र के ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति एवं वोल्टेज संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। इसी प्रकार ग्राम कोठरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र हेतु लगभग 2 वर्ष से भूमि की मांग की जा रही थी. इस संबंध में कलेक्टर द्वारा सोमवार 1 जून को ग्राम कोठरी की शासकीय भूमि खसरा नंबर 223 में से 600 वर्गफिट भूमि मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पक्ष में भूमि हस्तांतरण के आदेश दिये गये।

## अतिक्रमण, आवास, सीमांकन जैसे 152 आवेदन हुए प्राप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन की अध्यक्षता मे जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीईओ जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई की गई।

जनसुनवाई में आए 152 आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को जनसुनवाई में आए ग्राम लखनपुर निवासी अर्जुन सिंह ने आवेदन देते हुये बताया की उनकी भैंस की मृत्यु विधुत तार की चपेट में आकर हो गयी थी। उन्होंने मुआवजा प्रदान करने के सम्बन्ध में आवेदन दिया। जिस पर श्जैन ने शीघ्र सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप



### अग्निवीर सल्केश वरकडे का स्वागत

**शाहपुर।** अग्निवीर का प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे सल्केश वरकडे का गृह नगर शाहपुर पहुंचने पर नागरिकों ने स्वागत किया। माचना नदी के तट पर वरिष्ठ पत्रकार संजय जगताप, आयुष शुक्ला, वीरेंद्र श्रीवास्तव आदि ने युवक का फूलमालाओं से स्वागत और सम्मान किया। इसके बाद सल्केश अपने ग्राम निशाना पहुंचे, जहां पर भी उनका ग्रामीणों द्वारा फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। अग्निवीर सल्केश ने बताया कि उन्होंने 6 माह का प्रशिक्षण बिहार में प्राप्त किया और प्रशिक्षण के लिए वे 13 दिसंबर 2025 को ग्राम निशाना से गए थे।

### समिति के गोदाम से 700 बोरी खाद चोरी

**बैतूल।** एक तरफ किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जामठी के गोदाम से 700 बोरी खाद की सामने आया है। सबसे खास बात यह है कि चोर सुनियोजित तरीके से ट्रक लेकर आए और खाद की बोरियां चुराकर ले गए और किसी को कानो कान भनक तक नहीं लगने दी। घटना रविवार रात की है। चोरी की घटना की रिपोर्ट समिति प्रबंधक ने कोतवाली में दर्ज कराई है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक अशोक देशमुख ने बताया कि रविवार की रात में आरटीओ आफिस के पास स्थित गोदाम से 668 बोरी यूरिया, 32 बोरी पोटाश और 5 बोरी जिंक की चोरी हुई है। यूरिया की लगभग कीमत 1 लाख 78 हजार रुपए है। पोटाश की कीमत लगभग 57 हजार रुपए है और जिंक की कीमत लगभग 10 हजार रुपए की है। श्री देशमुख ने बताया कि रविवार की रात चोरी हुई है। सोमवार को जब खाद वितरण करने के लिए गोदाम पहुंचे तब पता चला कि चोरी हो गई। इसके बाद गोदाम से खाद की बोरियों का मिलान सोमवार की रात तक चला और इस घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई थी। कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया ने बताया कि आरटीओ आफिस के पास आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जामठी के गोदाम से खाद चोरी होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। घटना का पंचनामा तैयार किया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया ने बताया कि खाद गोदाम में ना तो सुरक्षा के कोई इंतजाम थे और ना ही कोई गार्ड था। लाइट भी नहीं थी। इसके अलावा समिति के द्वारा वहां पर सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए थे। हालांकि पुलिस इस पूरे मामले में हर पहलु से जांच कर रही है।

### बोरदेही स्टेशन हत्याकांड में चार आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** बोरदेही रेलवे स्टेशन पर छिंदवाड़ा निवासी अली खान की हत्या के मामले में जीआरपी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, घटना का मुख्य आरोपी सागर अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। अली की हत्या ट्रेन में सीट को लेकर हुए विवाद के बाद हुई थी। जीआरपी ने इस मामले में नवीन पाटील, अमित उबनारे, अयान खान और कन्हैया उर्फ काली को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को इन सभी आरोपियों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने सभी को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। मामले का सबसे महत्वपूर्ण आरोपी माना जा रहा सागर अभी तक फरार है। मृतक अली खान के साथ यात्रा कर रहे दोस्तों ने दावा किया है कि ट्रेन में सीट को लेकर सबसे पहले सागर का ही विवाद अली से हुआ था। दोस्तों ने पुलिस को सागर की पहचान फोटो और हुलिए के आधार पर बताई थी। फिलहाल पूरे मामले की नजरें मुख्य आरोपी सागर की गिरफ्तारी पर टिकी हैं। माना जा रहा है कि उसकी गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के पीछे की पूरी कहानी और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

## शहर में बिछेगी 163 किमी लंबी अंडरग्राउंड पाइपलाइन

# संभवतः बारिश के बाद शुरू हो सकता है सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

पिछले एक दशक में शहर का तेजी से विस्तार हुआ है। 2014 में जहां शहर में मकानों की संख्या 15 हजार 556 थी, वह आज बढक़र 30 हजार के पार पहुंच चुकी है। आबादी बढने के साथ ड्रेनेज का पानी भी दोगुना हो गया है। पहले प्रतिदिन 2 करोड़ लीटर गंदा पानी निकलता था, जो अब बढक़र 4 करोड़ लीटर प्रतिदिन हो गया है। ड्रेनेज सिस्टम न होने के कारण शहर की स्वच्छता रैंकिंग लगातार गिर रही है। लेकिन अब सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण में आ रही सबसे बड़ी बाधा दूर हो गई है। जिस 77 हजार वर्गफीट जमीन पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) ने आपत्ति जताई थी, वह ऑब्जेक्शन अब पूरी तरह से हट गया है। इस फैसले के बाद 105 करोड़ रुपए के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और अंडरग्राउंड ड्रेनेज प्रोजेक्ट पर तेजी से काम शुरू हो सकेगा और बहुप्रतीक्षित इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद शहर में खुले नाले और नालियां दिखना बंद हो जाएंगे। दरअसल नगरपालिका ने अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के लिए ट्रीटमेंट प्लांट के लिए माचना नदी के किनारे जो 77 हजार स्क्वेयर फीट जमीन चयनित की थी, वह पहले बस स्टैंड मद में दर्ज थी। इसी कारण टीएंडसीपी ने मंजूरी देने से मना कर दिया था। लेकिन अब काम करने की अनुमति दे दी है।



### बनेगा 16 एमएलडी क्षमता वाला ट्रीटमेंट प्लांट

सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) निर्माण का प्रोजेक्ट 105 करोड़ रुपए का है, जिसमें 163 किमी लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी और 16 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। इस ट्रीटमेंट प्लांट में घरों के बाथरूम से निकलने वाले गंदे पानी को रिसाइकिल कर शुद्ध किया जायेगा। ट्रीटमेंट प्लांट प्रतिदिन 1 करोड़ 70 लाख लीटर प्रदूषित पानी को रिसाइकिल कर शुद्ध करेगा, ताकि इसका उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा सके। ट्रीटमेंट प्लांट को इसलिए बड़ा बनाया जा रहा हैं ताकि भविष्य में यदि घरों की संख्या बढ़ती हैं या शहर का विस्तार होता हैं तो प्लांट का संचालन ठीक तरह से हो सके। इसके साथ ही परियोजना के पूर्ण होने पर माचना नदी में नालों का गंदा पानी गिरना बंद हो जाएगा।

### हाथी नाला भी पूरी तरह से हो जायेगा अंडरग्राउंड

सबसे बड़ी बात यह है कि शहर के बीच से गुजरने वाला 5 किमी लंबा हाथी नाला भी पूरी तरह से अंडरग्राउंड हो जाएगा, जिससे शहर की सूरत ही बदल जाएगी। बता दें कि बैतूल शहर के ड्रेनेज सिस्टम को अंडरग्राउंड करने की कवायद पिछले 12 सालों से चल रही है। इस अंतराल में तीन बार योजनाएं बनीं, सर्वे हुए, और ड्राइंग डिजाइन के लिए कंसल्टेंट नियुक्त किए गए। इन कागजी कार्यवाहियों पर लगभग 50 लाख रुपए फूंक दिए गए हैं। लेकिन चयनित जमीन पर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) ने आपत्ति जताई थी, जिसकी वजह से यह प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो पाया था, लेकिन अब ऑब्जेक्शन पूरी तरह से हट गया है। जिसके बाद इस प्रोजेक्ट को लेकर जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है।

### खुली नालियां भी लोगों के लिए परेशानी

शहर के 33 वार्डों में गंदे और निस्तारी के पानी की निकासी के लिए नालियों के निर्माण में काफी पैसा खर्च होता है। कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां नालियां ना होने या टूट फूट हो जाने से रहवासियों को मुसीबत झेलना पडता है। ज्यादा परेशानी नालियों के खुले रहने से उठानी पड़ती है। नालियां खुली होने से नालियों में कचरा तो एकत्रित होता ही है, साथ ही नालियों के जाम होने और गंदगी के कारण मच्छरों की समस्या भी उत्पन्न होती है। ऐसे में सीवरेज लाइन निर्माण के प्रोजेक्ट से नागरिकों को खुली नालियों से मुक्ति और शहर की जनता को गंदगी आदि से निजात मिल सकेगी। साथ ही स्वच्छ वातावरण भी मिल पायेगा।

### ड्रेनेज सिस्टम न होने के कारण पिछड़ रही रैंकिंग

ड्रेनेज सिस्टम न होने के कारण शहर की स्वच्छता रैंकिंग लगातार गिर रही है। ऊपर से नालों के आसपास रहने वाले लोगों को बदबू से परेशान होना पड़ता है। खुले नाले और नालियों की वजह से गंदगी के कारण मच्छर भी पनपते है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किन्तु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण से लोगों को जहां गंदगी और दुर्गंध से निजात मिलेगी, वहीं दूसरी तरफ खुले नाले और नालियां दिखना बंद हो जाएंगे और शहर की सूरत ही बदल जाएगी। फिलहाल इस प्रोजेक्ट का प्रपोजल बनाकर राज्य स्तरीय तकनीकी समिति को भेज दिया है। मंजूरी मिलते ही काम शुरू किया जायेगा।

### 12 साल में खर्च किए 50 लाख

इस प्रोजेक्ट पर 12 साल में करीब 50 लाख रुपये खर्च किये गये। बताया जा रहा है कि वर्ष 2014 में ड्रेनेज सिस्टम को अंडरग्राउंड करने के लिए सर्वे किया गया, जिस पर लगभग 18 लाख रुपए खर्च हुए। तब 52 किमी लंबी पाइप लाइन बिछाने और करबला घाट पर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की योजना थी। इसके बाद वर्ष 2016 अमृत योजना के तहत 10 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया। तब पेयजल को प्राथमिकता दी गई और पूरा बजट उधर चला गया। सिर्फ प्रपोजल और सर्वे रिपोर्ट बनाने में ही 10 लाख रुपए खर्च हो गए। वर्ष 2023 में दो साल पहले एक बार फिर शहर के ढलान के हिसाब से 152 किमी लंबी अंडरग्राउंड ड्रेनेज पाइप लाइन का नक्शा बनाया गया। इस पर 12 लाख से अधिक खर्च हुए। बाद में पाइपलाइन की लंबाई 163 किमी कर दी गई।

### इनका कहना है

ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए जो 77 हजार स्क्वेयर फीट जमीन देखी गई थी, उस पर पहले टीएंडसीपी का ऑब्जेक्शन था, लेकिन अब यह ऑब्जेक्शन हट गया है। संभवतः बारिश के बाद काम शुरू हो सकता है।

- नगेन्द्र वागद्रे,
सब इंजीनियर, नगरपालिका बैतूल

## नागपुर लौट रहा था परिवार

# डिवाइडर पर चढ़कर पलटी कार महिला की मौत, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

बैतूल-मुलताई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सडक़ हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। नगरकोट के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और कई बार पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार एक महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की सहायता से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर निवासी अभिषेक शुक्ला अपने परिवार के साथ बैतूल से नागपुर लौट रहे थे। कार में उनके मामा रितेश अवस्थी, मामी सारिका अवस्थी तथा उनका पुत्र आद्विक अवस्थी भी सवार थे। मंगलवार दोपहर जब उनकी कार मुलताई के निकट नगरकोट क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया। देखते ही देखते कार डिवाइडर पर चढ़ गई और सडक़ पर कई बार पलटते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

### महिला की मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा अत्यंत भयावह था। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई सारिका अवस्थी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रितेश अवस्थी, उनके पुत्र आद्विक और अभिषेक शुक्ला घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए मुलताई के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि अभिषेक शुक्ला को अपेक्षाकृत मामूली चोटें आई हैं।

### सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सडक से हटाकर यातायात व्यवस्था सामान्य कराई गई। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। वाहन की गति, सडक़ की स्थिति तथा अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल की जा रही है।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मंगलवार दोपहर हुए इस दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां पल भर में छीन लीं। जहां एक ओर परिवार ने अपनी प्रिय सदस्य को खो दिया, वहीं तीन अन्य सदस्य अस्पताल में उपचाररत हैं। घटना के बाद परिजनों और परिचितों में शोक तथा चिंता का माहौल बना हुआ है।

# कांग्रेसियों को एकजुट कर जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करना प्रमुख लक्ष्यः अजय सिंह

## बूथ स्तर का सामंजस्य ही संगठन की असली ताकतः डागा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका देने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय बैतूल में कांग्रेस की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री, चुरहट के विधायक अजय सिंह (राहुल भैया) ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेसियों को एकजुट कर गांव, वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना ही पार्टी का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है और कांग्रेस की वास्तविक ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता ही हैं। अजय सिंह राहुल भैया ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस को जनता के बीच और अधिक सक्रियता के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब हर कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। बैतूल प्रवास के दौरान अजय सिंह (राहुल भैया) सबसे पहले जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा के निवास पहुंचे। यहां उनके साथ सुखदेव पांसे, समीर खान, ब्रजभूषण पांडे, मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रकोष्ठ एवं विभाग के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, लोकेश पगारिया, लवलेश बब्बा राठौर, मोनू बड़ोनिया और जितेन्द्र इवने उपस्थित रहे। स्वल्पाहार के दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई।

### वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई रणनीतिक चर्चा

इसके बाद अजय सिंह, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे के बैतूल स्थित निवास पहुंचे, जहां निलय डागा, अनुराग मिश्रा, मनोज मालवे, नवनीत मालवीय, हेमंत वागद्रे, हेमंत पगारिया, नरेन्द्र मिश्रा सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ चाय पर चर्चा हुई। इस दौरान संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका और जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। चाय पर चर्चा के बाद अजय सिंह राहुल भैया सीधे कांग्रेस कार्यालय बैतूल गंज पहुंचे, जहां उन्होंने जिलेभर से आए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन महामंत्री ब्रजभूषण पांडे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कांग्रेस प्रवक्ता लवलेश बब्बा राठौर ने किया।िला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने इस अवसर पर कहा कि बूथ स्तर तक सामंजस्य और मजबूत संगठन ही कांग्रेस की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और बेहतर समन्वय के माध्यम से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान होगी।

## भाजपा नेताओं और मां ताप्ती मंदिर ट्रस्ट ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन, कहा- श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है मामला

# नारद टेकड़ी की भूमि को लेकर बढ़ा विवाद सीमांकन और रजिस्ट्री पर रोक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

माँ ताप्ती नदी के उद्गम स्थल के समीप स्थित ऐतिहासिक नारद टेकड़ी की भूमि को लेकर विवाद अब तूल पकड़ने लगा है। नगर की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी इस भूमि के सीमांकन तथा कथित क्रय-विक्रय को लेकर चल रही चर्चाओं ने नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधियों तथा माँ ताप्ती मंदिर ट्रस्ट ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए अलग-अलग ज्ञापन सौंपे हैं। नगर पालिका परिषद मुलताई की अध्यक्ष नीतू परमार एवं पार्षद वर्षा गडेकर की उपस्थिति में माँ ताप्ती मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजीव कहार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि माँ ताप्ती नदी का उद्गम स्थल ताप्ती सरोवर के उत्तर दिशा में स्थित है, जिसे प्राचीन काल से नारद टेकड़ी के नाम से जाना जाता है और यह क्षेत्र धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हाल ही में विभिन्न



समाचार माध्यमों के जरिए यह जानकारी सामने आई है कि नारद टेकड़ी क्षेत्र से संबंधित भूमि का क्रय-विक्रय किया जा रहा है। इस सूचना के बाद श्रद्धालुओं और नागरिकों में आशंका व्याप्त हो गई है कि यह भूमि मां ताप्ती उद्गम स्थल से जुड़ी भूमि है। यदि ऐसा है, तो इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं प्रभावित हो सकती हैं। भाजपा नेताओं एवं ट्रस्ट पदाधिकारियों ने अपने आवेदन में कहा कि माँ ताप्ती नदी का उद्गम स्थल देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसलिए इस क्षेत्र की भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो भविष्य में विवाद और गहरा सकता है। दोनों ज्ञापनों में प्रशासन से मांग की गई है कि नारद टेकड़ी एवं ताप्ती उद्गम स्थल क्षेत्र का राजस्व अभिलेखों के आधार पर विधिवत सीमांकन कराया जाए, संबंधित भूमि को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया जाए तथा जांच पूरी होने तक विवादित अथवा संबंधित भूमि की रजिस्ट्री और अन्य राजस्व प्रक्रियाओं पर अस्थायी रोक लगाई जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपियां उप पंजीयक कार्यालय तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को भी भेजी गई हैं। फिलहाल नगरवासियों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। नागरिकों और श्रद्धालुओं ने मांग है कि प्रशासन शीघ्र जांच कर उद्गम स्थल की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करे तथा धार्मिक महत्व की भूमि की सुरक्षा प्रदान करे।

### आस्था की जमीनों पर पहले भी उठते रहे हैं सवाल

मुलताई की पहचान माँ ताप्ती की उद्गम स्थली और पवित्र नगरी के रूप में है। नगर में स्थित ताप्ती कुंड, मठ मंदिर और अन्य धार्मिक स्थल न केवल श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं, बल्कि उनसे जुड़ी भूमि भी धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती है। समय के साथ नगर का विस्तार हुआ और इन स्थलों के आसपास की जमीनों का बाजार मूल्य करोड़ों रुपये तक पहुंच गया। इसके साथ ही इन जमीनों पर कब्जे और स्वामित्व को लेकर विवाद भी समय-समय पर सामने आते रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में मुख्य मार्ग से लगी ताप्ती जल मार्ग की शासकीय भूमि के पट्टे आवंटित किए गए थे, जिनकी वर्तमान कीमत करोड़ों रुपये आंकी जाती है। इन भूमि आवंटनों के बाद आज वहां बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान और शोरूम संचालित हो रहे हैं। इसी प्रकार कुछ वर्ष पूर्व राम मंदिर ट्रस्ट की भूमि के कथित क्रय-विक्रय को लेकर भी नगर में व्यापक जन आक्रोश देखने को मिला था। विरोध प्रदर्शन और जनदबाव के बाद प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी थी। उस घटना के बाद यह उम्मीद जताई जा रही थी कि धार्मिक आस्था जुड़ी भूमि के मामलों में भविष्य में अधिक सतर्कता बरती जाएगी।

## जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों और अवैध ट्यूबवेलों को बताया संकट का कारण

# पेयजल संकट से जूझ रहा कामथ, सरपंच ने प्रशासन से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर सीमा से लगी ग्राम पंचायत कामथ इन दिनों गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रही है। गांव में पानी की समस्या लगातार गहराती जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को ग्राम पंचायत कामथ की सरपंच पुष्पा जीतू डहारे ने जनसुनवाई में पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजीव कहार को ज्ञापन सौंपा और ग्राम की पेयजल व्यवस्था में स्थायी एवं प्रभावी सुधार के लिए प्रशासन से आवश्यक सहयोग की मांग की। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत कामथ में उत्पन्न पेयजल संकट के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई), विद्युत विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की जाए, ताकि समस्या के सभी पहलुओं की जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### अधिग्रहित बोर पंचायत को नहीं मिले, बढ़ी समस्या

सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में कई ऐसे बोरवेल हैं जिनका अधिग्रहण किया जा चुका है, लेकिन अब तक उन्हें पंचायत को हैंडओवर नहीं किया गया है। यदि इन बोरवेलों का संचालन पंचायत को सौंप दिया जाए तो पेयजल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग पांच लाख लीटर पानी का उपयोग अवैध ईंट भट्टों में ईंट निर्माण कार्य के लिए किया जा रहा है।



जबकि वर्तमान में संपूर्ण मुलताई तहसील को गंभीर जल संकट के चलते ₹पेयजल अभाव क्षेत्र₹ घोषित किया गया है। ऐसी स्थिति में पेयजल के लिए उपलब्ध जल संसाधनों का व्यावसायिक उपयोग नियमों के विपरीत है। सरपंच ने मांग की है कि नियमों का कड़ाई से पालन कराते हुए अवैध ईंट भट्टों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए।

### अवैध कॉलोनियों पर भी उठाए सवाल

ग्राम पंचायत के अनुसार कामथ क्षेत्र में लगभग 15 से 20 अवैध कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं। इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की पेयजल व्यवस्था का अतिरिक्त दबाव पंचायत पर पड़ रहा है। सरपंच ने मांग की है कि इन कॉलोनियों में पानी की व्यवस्था संबंधित कॉलोनाइजरों के माध्यम से कराई जाए, ताकि पंचायत पर बढ़ रहे बोझ को कम किया जा सके। सरपंच पुष्पा जीतू डहारे ने बताया कि ग्राम पंचायत कामथ में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार का कार्य स्वीकृत हुआ था। टंकी का निर्माण तो पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक नई पाइपलाइन का विस्तार नहीं किया गया है। वर्तमान में पंचायत लगभग 15 वर्ष पुरानी पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कर रही है, जो कई स्थानों पर जर्जर हो चुकी है। इसके कारण पर्याप्त दबाव से पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है और कई मोहल्लों में जलापूर्ति बाधित हो रही है।

### अवैध ट्यूबवेल खनन का आरोप

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर निजी उपयोग के लिए अवैध रूप से ट्यूबवेल खनन कर कब्जा कर लिया गया है। सरपंच ने ऐसे सभी अवैध कब्जे हटाकर संबंधित ट्यूबवेल ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि उनका उपयोग सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था के लिए किया जा सके। ग्राम पंचायत के पास सीमित प्रशासनिक अधिकार और वित्तीय संसाधनों की कमी है। ऐसी स्थिति में गंभीर पेयजल संकट के दौरान व्यवस्था का सुचारु संचालन करना अत्यंत कठिन हो रहा है। उन्होंने मांग की कि इस पेयजल आपातकाल की स्थिति में पीएचई विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग एवं पुलिस विभाग को पेयजल व्यवस्था का संपूर्ण दायित्व सौंपा जाए।

## नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगाए जा रहे विशेष शिविर

# जनसमस्या निवारण शिविरों का जारी आयोजन सुनवाई कर जन-शिकायतों का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा नगरवासियों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से विशेष जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों की समस्याओं का उनके वार्ड स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किए जा रहे इन शिविरों में नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे तथा प्राप्त शिकायतों और आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 12 जून 2026 को वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 के नागरिकों के लिए खेड़ापति मांगलिक भवन में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी दिन वार्ड क्रमांक 3 के लिए दुर्गा कॉलोनी (गड्डा कॉलोनी) में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक शिविर लगाया जाएगा। 19 जून 2026 को वार्ड क्रमांक 5, 6 एवं 7 के लिए मांगलिक भवन भीलपुरा में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 के लिए गोवर्धननाथ मंदिर धर्मशाला में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक जन समस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 25 जून 2026 को वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 13 के लिए राठौर धर्मशाला (बिजली विभाग के पास) में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 4, 14 एवं 15 के लिए सोनिया गांधी कॉम्पलेक्स में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### वार्डों तक पहुंच रहा प्रशासन

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रितेश जैन ने कहा कि जन समस्या निवारण शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रशासन जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनेगा और उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेगा। जैन ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की।




### विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों का होगा निराकरण

इन शिविरों में जल प्रदाय से संबंधित समस्याओं जैसे नल कनेक्शन, कम दबाव से पानी आने अथवा पानी नहीं आने की शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। साथ ही नागरिक शिविर में सभी प्रकार के नगर पालिका करों का भुगतान भी कर सकेंगे। विद्युत एवं स्ट्रीट लाइट संबंधी मामलों में खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने तथा नए पोल लगाने की मांगों पर कार्रवाई की जाएगी। सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों में नालियों की सफाई, कचरा प्रबंधन, फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव जैसे विषय शामिल रहेंगे। राजस्व एवं प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों के अंतर्गत विवाह पंजीकरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्ति कर में सुधार, भवन नामांतरण, दुकान नामांतरण तथा दुकान रजिस्ट्री से जुड़े मामलों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन के नए आवेदनों को भी शिविर में स्वीकार किया जाएगा।

### दस्तावेज जो हैं जरूरी

नपा ने नागरिकों से अपील की है कि वे शिविर में आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आईडी अथवा राशन कार्ड, समस्या से संबंधित पूर्व आवेदन या रसीद, पेंशन एवं कार्ड संबंधी आवेदनों के लिए दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा मोबाइल नंबर अवश्य साथ लेकर आएं, जिससे उनके आवेदन एवं शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

### जागरूक हों नागरिक

नपा ने नागरिकों सें शिविरों में भाग लेने की अपील करते हुए कहा है कि जनसहभागिता से ही शहर को स्वच्छ, सुंदर और समस्या-मुक्त बनाया जा सकता है। परिषद ने "जागरूक नागरिक, उत्कृष्ट शहर" के संदेश के साथ सभी वार्डवासियों से शिविरों में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के समाधान हेतु इस अभियान का लाभ लेने का आह्वान किया है।

### रहेगा विशेष प्रबंध : सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके ने बताया कि प्रत्येक शिविर में नगर पालिका की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जिससे अधिकांश शिकायतों का निराकरण मौके पर ही किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों के समाधान में अधिक समय लगेगा, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविरों में उपस्थित होकर इस जनहितकारी पहल का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## जनसुनवाई में आवेदनों का नही हुआ समाधान

पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु लगातार प्रत्येक मंगलवार आपको जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें दिनांक 2/6/26/को कुल 21आवेदन पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के पंजीकरण कराया गया है। बनखेड़ी से 6आवेदन पिपरिया जनपद पंचायत सभा ग्रह में आयोजित की गई थी। सबसे ज्यादा संख्या में आवेदन ग्रामीण क्षेत्रों से ही शामिल हुए थे। ग्राम पंचायत बीजनवाडा में स्थित रामनगर कालोनी में लंबे समय से निवासी मदन सिंह पुरविया सहित अन्य और आवेदन पहुंचे जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके लिए सचिव रोजगार सहायक को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आदेश दिया है। फिर भी महिलाएं जनपद पंचायत सभा ग्रह पर एसडीएम को आवेदन दे रहे हैं। मदनसिंह की पत्नी पुत्री ने जनसुनवाई में आवेदन किया गया है। लेखापाल आर एल सिंह ने बताया कि सूची में नाम शामिल किया गया है।इसी तरह से सरकारी जमीन पर कब्जा सहित अन्य आवेदन दिए गए हैं। लेकिन अभी तक मौके पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।ना ही कोई समाधान किया गया है।सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी वर्ग उपस्थित हुए थे।



## जलभराव को रोकने नपाध्यक्ष ने किया नगर का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मानसून के दौरान शहर को जलभराव की गंभीर समस्या से बचाने के लिए नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। निचले इलाकों को टापू बनने से रोकने के उद्देश्य से मुख्य जल निकासी मार्गों और बड़े नालों की सफाई का अभियान युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। इसी सिलसिले में गरीबी लाइन रेलवे अंडरब्रिज से लेकर सोनासांवरी फाटक तक फैले मुख्य बड़े नाले की सघन सफाई कराई जा रही है। यह नाला शहर के एक बड़े हिस्से का पानी समेटकर आगे बढ़ता है, इसलिए इसकी सफाई को प्राथमिकता दी गई है।

### तीन दिनों से चल रहा सघन अभियान

पिछले तीन दिनों से पटरियों के बाजू से गुजरने वाले इस विशाल नाले से भारी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक और जमा हुआ मलबा निरंतर निकाला जा रहा है। कार्य की गंभीरता को देखते हुए नपा प्रशासन ने इस काम में दो जेसीबी और एक बड़ी पोकलेन मशीन को तैनात किया है। नाले की चौड़ाई और गहराई को बढ़ाया जा रहा है ताकि अत्यधिक बारिश के दौरान भी पानी का बहाव बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से हो सके। वर्तमान में सफाई का कार्य गरीबी लाइन अंडरब्रिज से शुरू होकर गौशाला तक पहुंच चुका है।

## द्वारिकाधीश मंदिर में नर्मदा पुराण कथा हुई शुरू

इटारसी। अधिक मास के पावन अवसर पर इटारसी के द्वारिकाधीश मंदिर में संगीतमय 'माँ नर्मदा पुराण कथा' का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पं. प्रमोदानंद जी महाराज (उमरखेड़ी वाले) ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मां नर्मदा की महिमा का रसपान कराया। पंडित जी ने कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती के तप से जो पसीना बहा, उसी से माँ नर्मदा प्रकट हुईं। उन्होंने माँ नर्मदा को 'पाप मोक्षनी' तथा अत्यंत पवित्र एवं पावन माँ बताया।



## ग्राम हिरनखेड़ा की समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा द्वारा ग्राम की दो महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए हैं। इन ज्ञापनों में ग्राम के मध्य से गुजरने वाले हजूरिया नाले के सीमांकन एवं सफाई तथा ग्रामीणों के बिजली बिलों में हुई अत्यधिक बढ़ोतरी के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

### नाले के सीमांकन और सफाई की मांग

ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा की सरपंच अमृता लुटोरिया द्वारा भेजे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम के बीच से निकलने वाला हजूरिया नाला पूरे गांव के ड्रेनेज जल निकासी का प्रमुख माध्यम है। वर्तमान में नाले में बड़ी मात्रा में सिल्ट, कीचड़, कचरा, खरपतवार एवं झाड़ियां जमा हो गई हैं, जिसके कारण वर्षा ऋतु में पानी की निकासी बाधित होने की आशंका बनी हुई है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पिछले वर्ष भी पर्याप्त जल प्रवाह नहीं होने के कारण कई आवासीय कॉलोनियों में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी। इससे ग्रामीणों के घरों में पानी भर गया था और बड़ी मात्रा में अनाज सहित अन्य घरेलू सामग्री को नुकसान पहुंचा था।ग्राम पंचायत ने यह भी बताया कि नाले के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किए जाने के कारण सफाई और मलबा हटाने में गंभीर कठिनाइयां आ रही हैं। ग्रामीणों द्वारा नाले की सफाई एवं सीमांकन की मांग उठाई जा चुकी है। ग्राम पंचायत ने प्रशासन से वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व हजूरिया नाले का सीमांकन कराकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने तथा नाले की सफाई सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। ग्राम पंचायत द्वारा सौंपे गए दूसरे

ज्ञापन में ग्राम हिरनखेड़ा के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया है। ज्ञापन के अनुसार अप्रैल और मई माह में विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिलों में असामान्य रूप से भारी बढ़ोतरी की गई जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं में असंतोष है।

### प्रशासन से कार्रवाई की अपेक्षा

ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा ने दोनों मामलों को जनहित से जुड़ा बताते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। पंचायत का कहना है कि एक ओर नाले का सीमांकन और सफाई ग्रामीणों को संभावित जलभराव एवं बाढ़ जैसी स्थिति से बचाने के लिए अत्यंत ही आवश्यक है।

## किशोरियों को दी गई स्वास्थ्य के साथ स्वच्छता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डहरिया के निर्देशानुसार दिनांक 2 जून को महिला एवं बाल विकास विभाग इटारसी द्वारा परियोजना अंतर्गत समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में मंगल दिवस कार्यक्रम के तहत सुपोषण दिवस एवं टीकाकरण दिवस का आयोजन किया गया।

मंगल दिवस महिला एवं बाल विकास विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से गर्भवती एवं धात्री माताओं, किशोरियों तथा 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, देखभाल एवं विकास से संबंधित गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं माताओं को संतुलित आहार, कुपोषण की रोकथाम, स्वच्छता तथा स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर टीकाकरण दिवस भी मनाया गया, जिसमें बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का नियमानुसार टीकाकरण कराया गया। टीकाकरण के माध्यम से बच्चों को पोलियो, खसरा, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस सहित अन्य गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान की जाती है।

### महिलाओं को दी टीकाकरण की जानकारी

आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से आयोजित गतिविधियों के माध्यम से प्रत्येक पात्र बच्चे एवं गर्भवती महिला तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। उपस्थित अभिभावकों को समय पर टीकाकरण के महत्व एवं उसके दीर्घकालिक लाभों की जानकारी भी दी गई।

## सोहागपुर में बढ़ती जा रहीं रेल अव्यवस्थाएं सुविधाओं में कमी से खुश नहीं आमजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर का सबसे व्यस्त रेलवे समपार गेट शहर के लाडसपुरा में स्थित है। जहां ब्रिज की मांग नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर लंबे समय से कर रही है। लेकिन मांगों को लेकर जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं और नागरिक खासे नाराज हैं।

नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर की ओर से अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने बताया कि लाडसपुरा समपार गेट को बंदकर ओवर या अंडरब्रिज बनना तो दूर की बात हुई, जनप्रतिनिधि तो इसे स्वीकृत तक नहीं करा पाए हैं। दूसरी ओर सोहागपुर ब्लॉक में ही ग्राम सेमरी हरचंद से सिद्ध महाराज मार्च स्थित समपार रेलवे गेट पर अंडर ब्रिज निर्माणाधीन है और शीघ्र ही बनकर तैयार हो जाएगा।

जनता के अनुसार क्षेत्रीय राजनीतिक लोग विकास कार्यों पर ध्यान नहीं देते। क्योंकि सोहागपुर समपार गेट से लोगों का आना-जाना अधिक है और सेमरी से सिद्ध महाराज जाने वाले रेलवे समपार गेट से आवाजाही अपेक्षाकृत कम है।



### 40 गांवों की जरूरत

शिवकुमार पटेल के अनुसार नगर में लाडसपुरा रेलवे गेट से 40-45 गांवों सहित नगर के दो वार्डों के लोगों का आना-जाना होता है। प्रतिदिन हजारों नागरिक, टूरिस्ट, व्यापारी, मजदूर, शासकीय कर्मी इसी रास्ते से आते-जाते हैं। फिर भी पहले सेमरी के समीप ब्रिज निर्माण हो रहा है। लेकिन सोहागपुर में अंडर ब्रिज तक स्वीकृत नहीं हो पाया है।

### रखी ये मांगें

सोहागपुर स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के स्टापेज स्वीकृत किये जाएं।

सोहागपुर रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाई जाए।

ट्रेन के कोच की जानकारी के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएं।

लाडसपुरा समपार रेलवे बनाया जाए।

## कन्यादान होता है सबसे बड़ा दान : आचार्य शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर साहू परिवार द्वाराआयोजित श्रीमद भागवत के षटम दिवस में रुक्मणी मंगल बड़े भाव से श्रद्धालुओं ने मनाया सैकड़ो की संख्या में पधारकर षष्ठम दिवस की कथा को श्रवण किया और भगवान के विवाह उत्सव में झूमते हुए भागवत आचार्य पंडित देवेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने कहा भगवान के सामने नृत्य करोगे तो संसार के सामने नाचने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

कन्यादान सबसे बड़ा दान होता है सभी श्रद्धालुओं ने रुक्मणी मंगल में माता रुक्मणी के पैर पूजन कर कन्या दान किया।



## एसडीएम ने फसलों का किया सत्यापन

नर्मदापुरम। जिले में गिरदावरी कार्य की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्व विभाग द्वारा लगातार मैदानी निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं एसडीएम सिवनी मालवा द्वारा तहसील अंतर्गत ग्राम बराखड़ कला में खेतों पर पहुंचकर गिरदावरी कार्यवाही का औचक निरीक्षण किया गया।

## कलेक्टर के आदेशों और निर्देशों का अधिकारी नहीं कर रहे पालन

### प्रशासन की अनदेखी के कारण नदियों के किनारे लगे ईंट भट्टे, नदियां हो रही प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

कलेक्टर ने टीएल की बैठक में दिए निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी ने किया नहीं पालन पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र की लगभग सभी नदियों के किनारे पर मुख्य मार्ग के किनारे पर यहां तक कि राईखेडीपंचायतमेतो घनी बस्ती में विद्यालय परिसर के आसपास सभी जगह ईंट भट्टे चलाएं जा रहे हैं। लेकिन उसी के सामने दुसरी तरफ एक प्रायवेट विद्यालय परिसर से सटकर नदी के बीच में ही ईंट भट्टे चलाने वाले कार्य संचालित है। जबकि एक दिन पूर्व सोमवार को टीएल की बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आदेश दिया गया था।कि सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस खान ने कलेक्टर के आदेश अनुसार कार्य नहीं कर रहे हैं। पर्यावरण प्रदुषित हो रहा है। इस बारे में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि ईंट भट्टे के लिए लिए कोई भी व्यक्ति को लायसेंस बनवाया जा वे जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह काम कर रहे। इस बारे में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने बताया कि यह बात सही है। ईंट भट्टे चलाएं जा रहे हैं। जिसके कारण नंदी का पानी प्रदुषित हो रहा है।

## कांग्रेस कमेटी ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह किया का पिपरिया में किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के चुनाव वर्ष 2026/2027मे होने है। तथा वर्ष 2028 मे विधानसभा चुनाव भी होने को लेकर कांग्रेस कमेटी भी तैयार करने लगी है। इसलिए कमेटी के द्वारा ऐसे नेता को लोकसभा क्षेत्र में भेजा गया है।जो की यहां की सारी जानकारी रखते हैं।याद रहे पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुनसिंह भी यहां से लोकसभा का चुनाव लड चुके है।

उस दौरान अजय सिंह उर्फ राहुल भैया यहां पर लगातार रहे हैं। इसलिए ऐसे मामलों में लगातार अनुभव शील नेता को लोकसभा क्षेत्र में भेजा गया है। बनखेड़ी रोड़ पर स्थित एक निजी गार्डन में किया गया था। जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह उर्फ राहुल भैया कै स्वागत सम्मानित किया गया । गुटबाजी समाप्त करने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है।सीट कोई भी टिकिट किसी को भी मिले लेकिन काम सभी को करना है।इस तरह से अनेकानेक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह योजना में विवाह सम्मेलन से लेकर सभी सक्षम अधिकारियों से चर्चा कर जनता के काम कराने के निर्देश दिए गए।इस दौरान संजय शर्मा लोकसभा प्रभारी राजकुमार पलिया गणपत सिंह राजपूत उदय सिंह राजपूत हरीश बेमन फहीम अब्दुल्ला सुनीत पुरोहित कमलेश साहु चिंकू सुनील कुचबंदिया प्रशांत पालीवाल अशोक पुरोहित युवक कांग्रेस कमेटी ने एस यू आइ महिला कांग्रेस कमेटी शरद चौधरी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कॉग्रेस कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर पार्टी के पक्ष में कार्य करने की सलाह दी गई।



## संयुक्त संचालक ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मंगलवार को संभागीय संयुक्त सचालक तृप्ति त्रिपाठी ने आंचल खेड़ा आरी शुक्रवाड़ा फॉर्म एवं रजौन की सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया एवं आगामी माह में होने वाले सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के लोकार्पण के सबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर संयुक्त संचालक श्रीमती त्रिपाठी ने सुपोषण दिवस पर उपस्थित गर्भवती धात्री महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण परामर्श एवं प्रशासन के विभिन्न दिशा निर्देश दिये, कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी सुषमा चौरसिया पर्यवेक्षक सरोज चौरे व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थिति रही।

## जन अभियान परिषद एवं राज्य आनंद संस्थान के तत्वावधान में अल्प विराम कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढी

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं राज्य आनंद संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं मानव संसाधन विकास पर आधारित 'अल्पविराम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्ममोहन नागर और कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया।



### मूल्यांकन के लिए 'तीन दृष्टिकोण' जरूरी

सत्र को संबोधित करते हुए परिषद के उपाध्यक्ष पद्ममोहन नागर ने कार्यकर्ताओं को कार्यकुशलता बढ़ाने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए उसका मूल्यांकन तीन पद्धतियों से होना अनिवार्य है ।

सिंह अवलोकन, विहंग अवलोकन,सिंह अवलोकन, उन्होंने कहा कि समय-समय पर पीछे मुड़कर अपने किए गए कार्यों की समीक्षा करना, जिससे अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ कमियों को पहचानकर उनमें सुधार किया जा सके। उन्होंने आगे जोड़ते हुए कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही एक सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता की असली पहचान है।

### 40 ब्लॉक समन्वयकों ने लिया हिस्सा

इस गरिमामयी सत्र में विभिन्न जिलों से आए लगभग 40 ब्लॉक समन्वयकों ने सहभागिता दर्ज कराई। सत्र बेहद प्रेरणादायी, चिंतनशील और ज्ञानवर्धक रहा, जिसने सभी को आत्मविकास, समाज सेवा और पर्यावरण चेतना की एक नई दृष्टि प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### ई-विकास पोर्टल से हो रहा खाद वितरण

**हरदा।** जिले में 15 जनवरी 2026 से ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली पोर्टल से उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने कहा कि उर्वरक क्रय करने हेतु फार्मर आई.डी. अनिवार्य है। जिन किसानों की फार्मर आई.डी. जनरेट नहीं हुई है, वे तुरंत अपने हल्का पटवारी से संपर्क कर फार्मर आई.डी. बनवा लें। फार्मर आई.डी. होने से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से सुगमता से उर्वरक क्रय किया जा सकेगा। वर्तमान में ई-विकास प्रणाली पोर्टल पर वन अधिकार पट्टा, राजस्व पट्टा, सिकमी किसान, धार्मिक ट्रस्ट, मृत किसान, फार्मर आई.डी. नही है, एग्रीकल्चर फार्म/केवीके/युनिवर्सिटी तथा असक्षम किसान आप्शन प्रदर्शित हो रहे है।

### शासकीय कर्मचारी संघ समर्थन में सौंपेगा ज्ञापन

**सीहोर।** मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी के आव्हान पर म.प्र. शासन के सहायक वर्ग 3 के लिये सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश चाहे वह सहायक वर्ग 3 सीधी भर्ती अथवा अनुकम्पा नियुक्ति के माध्यम से लगा हो। विगत दिनों म.प्र.शासन द्वारा ऐसे सहायक वर्ग 3 जिनकी आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक हो गई हो, उनके लिये भी सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। राज्य शासन के इन निर्देशों के विरोध में म.प्र.लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय शाखा द्वारा दिनांक 8 जून 2026 को दोपहर के समय सतपुड़ा, विंध्याचल भवन पर एकत्रित होकर ज्ञापन सौंपा जावेगा।

### पढ़ाई जारी रखने की विद्यार्थियों से की अपील

**सीहोर।** सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा 12वीं पास सभी विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने और आगे की पढ़ाई निरंतर जारी रखने की अपील की गई है। इस अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने किसी कारणवश अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी है उनके लिए पुनः शिक्षा से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### शहर में निकालेगा चल समारोह

**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी खाती समाज द्वारा आगामी चल समारोह को भव्य, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं समाजसेवियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर समाज की एकता, संगठन और सामाजिक उत्थान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के संस्थापक डॉ. अजय सिंह पटेल ने सर्व सहमति से अध्यक्ष सागर वर्मा बने हैं।

#### जनसुनवाई में की पीड़ित ने शिकायत, आवेदन कलेक्टर के पास पहुंचा

# योजना के लाभ से वंचित दिव्यांग बुजुर्ग को सरकारी पोर्टल पर मृत दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

एक 58 वर्षीय दिव्यांग बुजुर्ग को सरकारी पोर्टल पर मृत दर्ज किए जाने के कारण संबल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। परेशान बुजुर्ग पिछले कई महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। परेशान होकर बुजुर्ग मंगलवार को कलेक्टर के पास शिकायत लेकर पहुंचा। जिले की टिमरनी तहसील के ग्राम अहलवाड़ा निवासी करणसिंह पिता सीताराम सावनेर (58) अपने बेटे मोहनसिंह सावनेर के साथ कलेक्टर के पास शिकायत लेकर पहुंचे।

उन्होंने मांग की कि उन्हें सरकारी योजना का लाभ दिलाया जाए। करणसिंह ने बताया कि वह जीवित हैं, लेकिन पोर्टल पर उन्हें मृत दर्शाया गया है। करणसिंह ने जानकारी दी कि करीब एक साल पहले उनके पैर के पंजे में फोड़ा हो गया था। शुगर की बीमारी के कारण घाव भर नहीं पा रहा था, जिसके चलते जिला अस्पताल में उनका पैर काटना पड़ा। इसके बाद उन्होंने कृत्रिम पैर लगवाया है।



उन्होंने बताया कि करीब सात महीने पहले उन्होंने जनपद टिमरनी में संबल योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। उस समय उनका नाम पोर्टल पर दर्ज नहीं हो पाया। जब उन्होंने इसका कारण जानना चाहा तो पता चला कि पोर्टल पर उन्हें मृत बताया गया है। तब से वह करीब छह महीने से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पोर्टल में अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। करणसिंह का कहना है कि अधिकारियों ने बताया है कि संबल योजना का लाभ केवल 60 वर्ष की आयु तक ही मिलता है और वह वर्तमान में 58 वर्ष के हैं। यदि पोर्टल में जल्द सुधार नहीं हुआ तो उन्हें शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। इस मामले में श्रम विभाग के सहायक श्रम अधिकारी मनीष चौरसिया ने बताया कि करणसिंह सावनेर का कहना है कि संबल पोर्टल पर अपंगता संबंधी आवेदन दर्ज नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका मोबाइल बंद है, जिस पर ओटीपी आना है। संबल और समग्र पोर्टल दोनों की जांच कर समस्या का समाधान किया जाएगा। ओटीपी मिलने के बाद ही यह स्पष्ट होगा त्रुटि कहां हुई है।

### प्रशासन का पक्ष

जिला श्रम अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक श्री करण सिंह, संबल पंजीयन क्रमांक/115273273, निवासी ग्राम अहलवाडा, जनपद पंचायत, टिमरनी का आंशिक अपंगता योजना का प्रकरण दर्ज होने में आ रही तकनीकी समस्या का म.प्र. असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल, भोपाल स्तर से निराकरण पश्चात संबंधित का योजनान्तर्गत पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो गया है।

## अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हरदा।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्ण कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।



जनसुनवाई में ग्राम मुहालकला निवासी निर्भयदास गुर्जर ने आवेदन देकर नहर निर्माण के उपरान्त भी मुआवजा राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर एसडीएम खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम कोलीपुरा निवासी राजेन्द्र सिंह व अमरसिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किश्त प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम बाजनिया के वार्ड क्रमांक 12 के निवासियों ने घरों के पानी की निकासी नहीं होने तथा बारिश का पानी घरों में भराने के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत टिमरनी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

#### डेढ़ लाख से अधिक का मशरूका जब्त

## पुलिस ने 9.06 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ युवक पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 9.06 ग्राम एम.डी. पाउडर (मेफेड्रोन) के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ के अलावा एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। कुल जब्ती की अनुमानित कीमत 1 लाख 56 हजार 500 रुपये बताई गई है। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गत दिवस रात्रि में पुलिस बल कस्बा क्षेत्र में अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश एवं पतारसी कर रहा था। दौरान गश्त पुलिस टीम जब ग्राम उड़ा स्थित फोरलेन रोड पर रेलवे पुलिया के नीचे पहुंची, तब एक व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की तथा वैधानिक तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 9.06 ग्राम एम.डी. पाउडर (मेफेड्रोन) बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 96 हजार 500 रुपये बताई गई है। इसके साथ ही एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल, जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रुपये है, भी जब्त की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंकित पिता रामेश्वर जाट (30 वर्ष), निवासी कुसुमकुंज कॉलोनी, हरदा बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना कोतवाली हरदा में अपराध क्रमांक 374/2026 के तहत धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी सख्त एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि पुलिस ने युवक से एमडी पाउडर के स्त्रोत के बारे में पूछताछ की। जिस पर उसने इसे सीहोर जिले के भेरुंदा से लाने की बात कही। हालांकि, उसने उस व्यक्ति का नाम और पता नहीं बताया जिससे उसने यह खरीदा था। मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में सउनि सुरेन्द्र श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक हरिप्रसाद पटेल, आरक्षक प्रदीप मालवीय, सजन राजपूत, नीलेश पटेल, दुर्गेश लोवंशी तथा साइबर सेल के आरक्षक लोकेश सातपुते की सराहनीय भूमिका रही।

## कालोनाइजर द्वारा पानी रोकने से कॉलोनी निवासी परेशान, शिकायत पर जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला पंचायत में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान श्री नगर कॉलोनी की महिलाएं पानी निकासी की समस्या लेकर पहुंचीं। उन्होंने शिकायत की कि पड़ोसी कॉलोनाइजर ने कॉलोनी के पानी की निकासी रोक दी है, जिससे प्री-मानसून बारिश के कारण सड़कें और नालियां चोक हो गई हैं।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि बीती रात हुई प्री-मानसून बारिश के बाद कॉलोनी की सड़कों पर पानी भर गया था। उनके अनुसार, पड़ोस में बन रही कॉलोनी के कॉलोनाइजर सुरेंद्र सराफ ने निकासी के पानी पर मिट्टी डाल दी है। इससे कॉलोनी के सभी घरों की नालियां अवरुद्ध हो गई हैं।

हरिओम नगर के मकानों का निस्तार का पानी घरों, सड़कों और अनिर्मित पार्क में जमा हो रहा है। पानी के जमाव से बदबू और मच्छरों के पनपने का खतरा बढ़ गया है, जिससे रहवासियों और उनके बच्चों को कई बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। बच्चों को खेलते समय कीड़े-मकोड़ों का भी भय सता रहा है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए वार्ड पार्षद, हरिओम नगर के कॉलोनाइजर और सुरेंद्र सराफ से भी निवेदन किया गया था, लेकिन कोई हल नहीं निकला। सोमवार शाम को हुई आधे घंटे की बारिश से ही घरों के सामने, अनिर्मित पार्क और मां हरसिद्धि गार्डन में काफी पानी भर गया था। उन्हें आशंका है कि आगे अत्यधिक बारिश होने पर निस्तार का पानी नहीं निकल पाएगा और घरों के अंदर भी पानी भर जाएगा। इस मामले पर सीएमओ कमलेश पाटीदार ने कहा कि उपयंत्री को मौके पर भेजा जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वहां जो भी समस्या आ रही है, उसे तत्काल हल कराया जाएगा।

### गाइड लाइन के अनुसार काम हो रहा

इस मामले को लेकर पड़ोसी कालोनी के कॉलोनाइजर सुरेंद्र सराफ का कहना है कि हमारा कोई उद्देश्य किसी भी व्यक्ति को परेशान करना नहीं है। हम गाइड लाइन के अनुसार अपनी तय सीमा में बाउंड्रीवाल कर रहे हैं। यदि हरिओम कालोनी में रहने वाले लोग हमसे कोई सहयोग चाहते हैं तो हम उनकी मदद के लिए तैयार हैं, जिससे किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी ना होने पाए।

#### कृषक की आजीविका का साधन बना सफलता की निशानी

## डगवेल रिचार्ज से सालभर पानी, किसान को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

ग्रामीण क्षेत्र के मेहनती कृषक गरीबदास श्यामलाल की आजीविका का मुख्य स्त्रोत कृषि है। वर्षों से खेती कर रहे गरीबदास को भूजल स्तर में गिरावट और सिंचाई के पानी की कमी से जूझना पड़ता था। वर्षा का अधिकांश पानी बहकर निकल जाता था और गर्मी में कुआं सूखने की कगार पर पहुंच जाता था। इससे फसल उत्पादन प्रभावित होता था और अतिरिक्त खर्च बढ़ जाता था।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा से गरीबदास को डगवेल रिचार्ज कार्य की स्वीकृति मिली। इसका उद्देश्य वर्षा जल को संरक्षित कर भूजल स्तर बढ़ाना और कुएं में सालभर पानी बनाए रखना था। सहायक यंत्री एवं उपयंत्री के मार्गदर्शन में रिचार्ज संरचना का





समयबद्ध निर्माण किया गया। रिचार्ज पिट, फिल्टर सामग्री और जल निकासी व्यवस्था बनाई गई ताकि वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके। वर्षा ऋतु में बड़ी मात्रा में पानी भूगर्भ में पहुंचा और कुएं का जलस्तर बढ़ने लगा।

डगवेल रिचार्ज कार्य के परिणामस्वरूप गरीबदास के कुएँ में पानी की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। पहले जहाँ गर्मी के मौसम में कुआँ लगभग सूखने की स्थिति में पहुँच जाता था, वहीं अब लंबे समय तक पर्याप्त जल उपलब्ध रहने लगा है। इसके कारण उन्हें फसलों की सिंचाई नियमित रूप से करने में सुविधा मिली। जल उपलब्धता बढ़ने से उन्होंने परंपरागत फसलों के साथ-साथ अधिक लाभकारी फसलों का भी उत्पादन प्रारंभ किया। फसल उत्पादन में वृद्धि होने से उनकी आय में सुधार हुआ तथा कृषि लागत में कमी आई। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई और कृषि के प्रति उनका विश्वास भी बढ़ा। डगवेल रिचार्ज कार्य से न केवल गरीबदास को लाभ हुआ, बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी। अन्य किसानों ने भी वर्षा जल संचयन और भूजल संवर्धन के महत्व को समझा। भूजल स्तर में सुधार होने से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला तथा जल संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित हुआ। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत डगवेल रिचार्ज कार्य गरीबदास श्यामलाल के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इस पहल ने उनकी सिंचाई संबंधी समस्याओं का समाधान किया, कृषि उत्पादन बढ़ाया और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाया।

#### 32वें प्रतिभा सम्मान समारोह में 32 साल का रिकॉर्ड

## छात्र-छात्राओं सहित 21 विभूतियां हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नवोदित कला मंच एवं जन परिषद के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागृह में आयोजित 32वें प्रतिभा सम्मान समारोह में शहर की उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने वर्ष 2025-26 की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शहर, स्कूल, परिवार का नाम रोशन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुणा सुदेश राय एवं सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संगीतिका कलाकारों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, वंदे मातरम् व जन-गण-मन प्रस्तुत किया। सरस्वती कथक नृत्य कला केंद्र की छात्राओं ने डॉ. रूपाली सोनी के मार्गदर्शन में सुंदर समूह नृत्य प्रस्तुति दी।

समाज सेविका अरुणा सुदेश राय के मुख्य आतिथ्य, डॉ. रोहिताश्व शर्मा की अध्यक्षता, जिलाध्यक्ष डॉ. अनीस खान के नेतृत्व, कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश शर्मा 'कमल' के मार्गदर्शन एवं मुख्य संरक्षक अखिलेश राय के दिशा-निर्देश में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संरक्षक हरीशचंद्र अग्रवाल, डॉ. के.के. नेमा, राजेश काशिव, विशेष अतिथि रमेश राही, शायर खलील कुरेशी, जन परिषद प्रांतीय सचिव रऊफ लाला, उमा पालीवाल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। समारोह में शहर की समर्पित सामाजिक संस्था टीम संडे का सुकून को प्रेरणा विद् जनसेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

**21 विभूतियों को विशेष सम्मान :** राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि से शहर-प्रदेश गौरवान्वित करने वाली 21 विभूतियों को सम्मानित किया गया, जिनमें टीम संडे का सुकून, डॉ. के.के. नेमा 'निर्झर', डॉ. रोहिताश्व शर्मा, रमेश शर्मा 'गमगीन', रक्तदाता रविकांत कुमरे, डॉ. केदारनाथ मुंठे, गोविंद लोवानिया, अजय अयरे, एनी अलेक्स, रामगोपाल आर्य, मुकेश कुमार इतावदिया, राजू सोनी, रोहित बैरागी, स्व. मनोहर लाल महेश्वरी, नीलू चौहान, खुशबू चंद्रवंशी, खुशी राय, राकेश मेवाड़ा, मोहित ठाकुर, अगस्त्य गुप्ता, आख्या अग्रवाल, नित्या नामदेव आदि शामिल रहे।

नवोदित कला मंच के महामंत्री नवीन सोनी ने बताया कि इस वर्ष नूतन, मोनालिसा, स्वास्तिक, सुभाष, ऑक्सफोर्ड, नवीन, विवेकानंद, संदीपनी, लूर्दमाता एवं शारदा विद्यालय सहित शहर के विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं को सरस्वती विद् सम्मान से नवाजा गया। यह संख्या संस्था के 32 वर्षों के इतिहास में सर्वाधिक है।

मुख्य अतिथि अरुणा सुदेश राय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे भी खूब मेहनत करके एक बड़ा मुकाम हासिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस संस्था के संस्थापक सुरेश जायसवाल जी निस्वार्थ भाव से शहर की प्रतिभा को मंच उपलब्ध कराकर सम्मानित करना अपने आप में अद्भुत कार्य है। नवोदित कला मंच एवं जन परिषद संस्थाओं द्वारा शहर में मिसाल कायम की है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एस.सी. हुरमाडे, महामंत्री नवीन सोनी, कोषाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामदास साहू, गोविंद लोवानिया, फौजी हबीब खान, संयुक्त महामंत्री डॉ. अखिलेश हठीला, मंच प्रभारी डॉ. साक्षी जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने मंच संचालन किया।

सचिव राहुल ठाकुर, संदीप मेवाड़ा व समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। संस्था ने पधारे हुए सभी स्कूल स्टाफ एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

## रोटरी क्लब सीहोर के सहयोग से मथुरा के दिव्यांग युवक को मिले कृत्रिम हाथ



**सीहोर।** मानव सेवा के क्षेत्र में रोटरी क्लब सीहोर के तत्वावधान में एक सराहनीय कार्य संपन्न हुआ। मथुरा जिले के भंडारवन निवासी सदन सिंह, जिनके दोनों हाथ एक दुर्घटना में कट गए थे, उन्हें कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराए गए, जिससे उनके जीवन में नई आशा का संचार हुआ है।

जनवरी माह में पारिवारिक यात्रा के दौरान समाजसेवी राजेश काशीव की मुलाकात सदन सिंह से हुई थी। उनकी स्थिति को देखकर राजेश काशीव जी ने उन्हें कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इस पुनीत कार्य में डॉ. गौरव ताम्रकार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रोटरी क्लब सीहोर के अध्यक्ष रोटेरियन मधुर विजयवर्गीय के नेतृत्व में, सचिव रोटेरियन कपिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन विपुल चांडक, रोटेरियन रघुनंदन निगोदिया तथा रोटेरियन डॉ. आशुतोष शर्मा के सहयोग से कृत्रिम हाथों की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात राजेश काशीव एवं डॉ. गौरव ताम्रकार मथुरा के भंडार वन पहुंचे, जहां ग्रामवासियों एवं दर्शनार्थियों की उपस्थिति में सदन सिंह को कृत्रिम हाथ लगाए गए। कृत्रिम हाथ लगने के बाद जब सदन सिंह ने स्वयं पानी पिया और पेन पकड़कर कुछ लिखा, तो उपस्थित लोगों ने भावुक होकर इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने कहा कि किसी दिव्यांग व्यक्ति को पुनः आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास वास्तव में अत्यंत पुण्य का कार्य है। रोटरी क्लब सीहोर के सहयोग तथा राजेश काशीव जी एवं डॉ. गौरव ताम्रकार के विशेष प्रयासों से सदन सिंह को नया आत्मविश्वास और जीवन जीने की नई प्रेरणा मिली है।

इस सेवा कार्य की सीहोर सहित मथुरा क्षेत्र में व्यापक सराहना की जा रही है। रोटरी क्लब सीहोर भविष्य में भी इसी प्रकार समाजसेवा के कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजेश काशीव एवं डॉ. गौरव ताम्रकार के प्रयासों से दिव्यांग सदन सिंह को मिले कृत्रिम हाथ, रोटरी क्लब सीहोर का सराहनीय सहयोग रहा।